

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

# डुंगरिया खुर्द ग्राम में नहीं हैं बुनियादी सुविधाएं

## सड़क खराब होने से नागरिकों को हो रही परेशानी

**सिलवानी, 25 मार्च. आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद जनपद पंचायत सिलवानी की ग्राम पंचायत पड़रिया कला अंतर्गत आदिवासी बहुल ग्राम डुंगरिया खुर्द आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहा है. गांव तक पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों का जीवन मानो 'काला पानी' जैसी कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है.ग्राम सियलबाड़ा से डुंगरिया खुर्द की दूरी महज 2 किलोमीटर है लेकिन यह रास्ता उबड़-खाबड़ पत्थरीला और पूरी तरह कच्चा है. हालात इतने खराब हैं कि चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते. बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे ग्रामीणों का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग टूट जाता है.**



गांव में केवल कक्षा 5वीं तक ही स्कूल संचालित है. आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ता है.

खराब सड़क और सुरक्षा की चिंता के चलते कई छात्राओं ने स्कूल जाना छोड़ दिया है जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है.करीब 350 की आबादी वाले इस गांव में सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. बीमार पड़ने पर मरीजों को खाट या बाइक से ले जाना पड़ता है जिससे कई बार समय पर इलाज नहीं मिल पाता.

### ग्रामीणों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

ग्रामीणों ने पंचायत पर गंभीर आरोप लगाए हैं. प्रेम सिंह अहिरवार, बलराम भिलाला, मुकेश यादव, शंकर यादव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए का आहरण कर लिया गया जबकि जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ. ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव, रोजगार सहायक और सरपंच की मिलीभगत से फर्जी निर्माण कार्य दिखाकर शासकीय राशि निकाल ली गई. ग्रामीणों ने तहसील सिलवानी जिला और भोपाल तक शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस जांच या कार्रवाई नहीं हुई है. इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

### इनका कहना है

मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है शीघ्र ही सड़क के संबंध में परीक्षण कराया जायेगा, किस कारण से सड़क का निर्माण का रुका हुआ है. पंचायत में बगैर निर्माण के जो राशि का आहरण हुआ है तथा अधूरे निर्माण कार्यों की भी जांच करा कर कार्रवाई की जायेगी.

**कमल सोलंकी,** जिला पंचायत सीईओ, रायसेन



# किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सलामतपुर, 25 मार्च. सांची कृषक उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ( एनसीडीसी ) के तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें 100 किसान शामिल हुए. सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए.**

किसानों को फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी गई. किसानों ने भी अपनी समस्याएं बताई. अफसरों ने उनका समाधान किया. मुख्य अतिथि के रूप में गौरव शाक्य एनसीडीसी के डिप्टी डायरेक्टर, रोबिन सक्सेना विधि एवं लेखा विशेषज्ञ, राज्यसहकारी संघ भोपाल, जिला सहकारी बैंक सांची के ब्रांच मैनेजर इमरान जाफरी, सांची बी पैक्स प्रबंधक नरेश राजपूत, सांची कृषक उत्पादक सहकारी संस्था के अध्यक्ष शैतान सिंह, सीईओ महेंद्र जाट, अकाउंटेंट योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### यूपी से परिजनों के आने के बाद हुआ पोस्टमार्टम

**सलामतपुर.** जिले के दीवानगंज के पास मंगलवार को 24 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी. मृतक की पहचान रवि ओझा निवासी इटावा (यूपी) के रूप में हुई है. पुलिस ने युवक के पास मिले बैग और मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की थी. घटना के समय परिजन उत्तर प्रदेश में होने के कारण उन्हें रायसेन पहुंचने में समय लगा, जिसके चलते शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी रूम में सुरक्षित रखवाया गया था. बुधवार को परिजनों के पहुंचने के बाद जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया. बताया जा रहा है कि रवि ओझा सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश) रेलवे स्टेशन पर स्टॉल लगाकर काम करता था और होली के त्योहार पर अपने घर आया हुआ था. वह वापस सिकंदराबाद लौट रहा था, तभी दीवानगंज के पास अचानक ट्रेन से गिर गया, फिलहाल दीवानगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है.



### विधायक ने आरुष जैन को दी श्रद्धांजलि

**सिलवानी.** कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने सीमांत जैन के सुपुत्र आरुष जैन के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. पटेल ने दिवंगत आरुष जैन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की. इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों ने भी आरुष जैन के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए.

### शिब्बू लाल बने तेलिक साहू सभा के प्रदेश महामंत्री



**उदयपुरा.** मप्र तेलिक साहू सभा के राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ताराचंद साहू एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू द्वारा शिब्बू लाल साहू उदयपुरा को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है. शिब्बू लाल साहू वर्तमान में भाजपा पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष हैं. साहू लंबे समय से समाजसेवा एवं संगटनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे. उन्हें घासीराम साहू,ओम प्रकाश साहू, अशोक साहू, रामकृष्ण साहू, हितेश साहू, भगवानदास साहू, लालजी साहू देवरी, पप्पू सेठ देवरी, प्रदीप साहू, प्रेम नारायण साहू, शंकर साहू, गोविंद साहू, रमेश साहू, कैलाश साहू और बृज बिहारी साहू ने बधाई दी है.

### प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथि बढ़ीं

**रायसेन.** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 'विकसित भारत - जी राम जी (रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) अधिनियम, 2025' के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की अंतिम तिथियों में 15 दिन की वृद्धि की गई है. विभिन्न प्रतियोगिताओं में संशोधित अंतिम तिथियों में लोगो डिजाइन प्रतियोगिता हेतु अंतिम तिथि 04 अप्रैल निर्धारित की है.

# शिवराज आज कृषि मेले की तैयारियों की लेंगे जानकारी

**रायसेन, 25 मार्च. रायसेन में आगामी 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार एवं राज्य शासन के समन्वय से किया जा रहा है. केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 26 मार्च को रायसेन में कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों की जानकारी ली जाएगी.**



चौहान 26 मार्च को प्रात: 11 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे रायसेन पहुचेंगे तथा यहां राम मंदिर में दर्शन करेंगे. इसके बाद दोपहर 12.15 बजे दशहरा मैदान पहुचेंगे तथा कृषि मेला तैयारी का निरीक्षण एवं भूमिपूजन करेंगे. चौहान दोपहर 12.45 बजे अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे तथा दोपहर 01.15 बजे कृषि मेले के संबंध में पत्रकारों से वार्ता करेंगे. इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री दोपहर 01.45 बजे रायसेन से विदिशा के लिए प्रस्थान करेंगे.

## प्रिंसि का नवोदय विद्यालय में चयन

**सिलवानी.** तहसील क्षेत्र के ग्राम ककरुआ स्थित प्राथमिक शाला की छात्रा प्रिंसि गुप्ता ने कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, बाड़ी में हुआ है. प्रिंसि की इस उपलब्धि वा स्कूल स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की. नगरवासियों ने भी प्रिंसि की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं. प्रिंसि, सिलवानी निवासी जितेंद्र गुप्ता की पुत्री हैं.



# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए उपहार

**सलामतपुर, 25 मार्च. महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सांची परियोजना के सांचेत सेक्टर के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके शैक्षणिक जीवन की शुरुआत को उत्सव के रूप में मनाया गया.**



सभी केंद्रों पर बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं उपहार देकर किया गया. इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा.सांचेत सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र नरवर-2 में भी विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सरपंच सीमा बघेल, सेक्टर सुपरवाइजर सुनीता रजक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा पाटकर,देवकी नामदेव, सहायिका पुष्पा पूर्वी और मीना चौकसे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. साथ ही बच्चों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरे खिल उठे. उपस्थित अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

## जिले में 8वीं का परीक्षा परिणाम 95.16 प्रतिशत रहा

**रायसेन, 25 मार्च.** स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह द्वारा बुधवार को प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. कक्षा 5वीं में 95.14 प्रतिशत और कक्षा 8वी में 93.83 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. रायसेन जिले में कक्षा 5वीं में 23640 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें से 22658 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं. जिले में कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 95.85 प्रतिशत रहा. इसी प्रकार जिले में कक्षा 8वीं में 21322 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 20291 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं. जिले में कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 95.16 प्रतिशत रहा.

# साहू समाज ने पूर्व मंत्री और विधायक को दिया आमंत्रण

**सिलवानी. जिला साहू समाज रायसेन ( मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा ) के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राम खेरी जयपुरा में आयोजित किया जाएगा.**



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समाज के पदाधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है. इसी क्रम में जिला साहू समाज समिति रायसेन के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व सांची के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया.

इस दौरान जिला अध्यक्ष केशराम साहू रायसेन, प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार साहू, बम्हौरी तहसील अध्यक्ष रेवाराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष गोविंद साहू तथा कुंडाली के युवा जिला अध्यक्ष शिव कुमार साहू सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे.

# मंडीदीप में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

### औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**रायसेन, 25 मार्च. एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक विशाल सिंह चौहान ने मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में 80 से अधिक औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, गैस एजेंसी संचालक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.**



चौहान ने औद्योगिक इकाइयों से वर्तमान आपूर्ति व्यवस्था, उत्पादन की निरंतरता और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तृत संवाद किया. उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्योगों की संचालन व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए प्रशासन और संबंधित एजेंसियां समन्वित रूप से कार्य कर रही हैं.

बैठक में गैस प्राधिकरण भारत लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने मंडीदीप क्षेत्र में उपलब्ध पाइप्ड नेचुरल गैस सुविधा की जानकारी दी. औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी कनेक्शन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया. यह अवगत कराया गया कि 31 मार्च 2026 तक बिना सुरक्षा जमा राशि के पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. कार्यकारी संचालक चौहान ने कहा कि उद्योग प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार हैं और उत्पादन की निरंतरता सर्वोच्च प्राथमिकता है. आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग पर भी सकारात्मक विचार रखने का सुझाव दिया गया, जिससे संचालन प्रभावित न हो.

### अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी सक्रिय संवाद

चौहान ने बगरौदा इंडस्ट्री एसोसिएशन भोपाल तथा अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से भी इसी विषय पर विस्तृत चर्चा की. एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में बढ़ियाखेड़ी, सीहोर के उद्योगपतियों से भी संवाद किया. इसके साथ प्रदेश के अन्य संभागों एवं जिलों में भी इस विषय पर उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत संवाद किए गए, जिनमें उज्जैन, नर्मदापुरम और सागर संभाग तथा देवास जिले में भी इस विषय पर उद्योगों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की गई.



# मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बेगमगंज ,25 मार्च. किसान कांग्रेस के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों ने नया बस स्टैंड से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को दिया.**

ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर दिए ज्ञापन में कहा है कि सोसायटी में ऋण जमा करने की अंतिम तारीख 28 मार्च निश्चित है जबकि गेहूं की एमएसपी खरीद 1 अप्रैल से शुरू होगी. सरकार से मांग है कि किसानों को ऋण जमा करने की तारीख बढ़ाकर 31 मई तक की जाए ताकि किसान 0% ब्याज दर का लाभ ले सके. अमेरिका के साथ ट्रेड डील में सोयाबीन खाद्य तेल के आयात शुल्क टैक्स फ्री करने को तत्काल रोका जाए . इससे किसानों को मंडी में सोयाबीन पर अच्छे दाम नहीं मिलने से भारी नुकसान हो रहा है. किसानों को हाल ही में हुई वर्षा एवं ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है, उसका सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा एवं बीमा का लाभ दिया जाए. गेहूं की खरीदी प्रति क्विंटल 4000 प्रति क्विंटल की जाए ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके. इसके अतिरिक्त पराली जलाने वाले किसानों को ही चिन्हित किया जाए,

यह भी मांग की कि अन्य किसानों पर एफआईआर नहीं की जाए. उपरोक्त मांगों को यथाशीघ्र स्वीकृत किए जाने की मांग करते हुए किसान कांग्रेस द्वारा चेतावनी दी गई है कि किसानों की उचित मांगों को पूर्ण नहीं किए जाने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आंदोलन किए जाने को बाध्य होंगे.

**जागरुकता** ▶ वनों को आग से बचाने का दिया संदेश

# वन अग्नि मित्रों ने निकाली बाइक रैली

**सिलवानी, 25 मार्च. वन अग्नि मित्रों में सद्भावना और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को वन विभाग द्वारा मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन वन मंडल अधिकारी रायसेन प्रतिभा शुक्ला एवं उप वनमंडलाधिकारी सिलवानी इंदर सिंह बारे के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेंद्र कुमार पालेचा के मार्गदर्शन में किया गया.**



इसके पश्चात वन कर्मचारियों एवं वन समितियों के सदस्यों (अग्नि मित्रों) द्वारा कॉलेज ग्राउंड सिलवानी से बाइक रैली निकाली गई, जो बजरंग चौराहा, तहसील मार्ग होते हुए रेंज कंपाउंड तक पहुंची. रैली के माध्यम से लोगों को वनों में आग से बचाव करने और आग लगने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया.क्रिकेट प्रतियोगिता में वन सुरक्षा समिति गैलपुर, कालौनी, जमुनिया, समनापुर, रामगढ़ और पड़ान की टीमों के बीच लीग मैच खेले गए.

फाइनल मुकाबला पड़ान और कालौनी-जमुनिया टीम के बीच खेला गया, जिसमें कालौनी-जमुनिया टीम ने जीत दर्ज की. प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'मैन ऑफ द मैच' शील्ड प्रदान की गई. समापन अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया. विजेता टीम को शील्ड एवं 2100 रुपये तथा उपविजेता टीम को शील्ड के साथ 1100 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई. संचालन मो. तारिक, दीनानाथ श्रीवास्तव एवं आनंद ठाकुर ने किया.

## अवैध उत्खनन रोकने के लिए वन अमला कर रहा है निगरानी

**रायसेन.** वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला तथा उप वन मंडल अधिकारी सुधीर पटले के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पूर्व रायसेन एवं पश्चिम रायसेन की संयुक्त टीम द्वारा वन सीमा से लगे क्षेत्र में अवैध उत्खनन संबंधी गश्ती कार्य किया जा रहा है. दोनों परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने बावलिया-हकीमखेड़ी, मुरेलखुर्द, घाट पिपलिया जैसे पूर्व रायसेन के अवैध फरसी पत्थर एवं भसुआ उत्खनन क्षेत्र में निगरानी की गई. साथ ही पश्चिम रायसेन के अवैध भसुआ उत्खनन संवदेनशील भरतीपुर एवं सलामतपुर क्षेत्र में गश्ती कर निगरानी की गई.